**Series BRH/1**

कोड नं.
Code No. **35/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **24** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **36+32+11** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **24** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **36+32+11** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.

# संकलित परीक्षा-II
# SUMMATIVE ASSESSMENT-II

## वाणिज्य
## COMMERCE

| | | | |
|---|---|---|---|
| *(i)* | *वाणिज्य के तत्त्व*<br>*Elements of Business* | *निर्धारित समय : 3 घण्टे*<br>*Time allowed : 3 hours* | *अधिकतम अंक : 80*<br>*Maximum marks : 80* |
| *(ii)* | *बहीखाता तथा लेखांकन के तत्त्व*<br>*Elements of Book-Keeping and Accountancy* | *निर्धारित समय : 3 घण्टे*<br>*Time allowed : 3 hours* | *अधिकतम अंक : 80*<br>*Maximum marks : 80* |
| *(iii)* | *टंकण (सिद्धान्त) अंग्रेजी/हिन्दी*<br>*Typewriting (Theory) English/Hindi* | *निर्धारित समय : 2 घण्टे*<br>*Time allowed : 2 hours* | *अधिकतम अंक : 20*<br>*Maximum marks : 20* |

8. *नोट :*

1. *निम्न में से कोई **एक** विषय लिया जा सकता है :*
   - *(i)* *वाणिज्य के तत्त्व।*
   - *(ii)* *बहीखाता तथा लेखांकन के तत्त्व।*
   - 9 *(iii)* *टंकण (सिद्धान्त) अंग्रेजी **अथवा** हिन्दी।*
2. *टंकण (सिद्धान्त) - अंग्रेजी **अथवा** हिन्दी के लिए (अधिकतम समय : 2 घंटे तथा अधिकतम अंक : 20)।*

***Note :***

1. *Any **one** of the following areas can be offered :*
   - *(i)* *Elements of Business.*
   - 1 *(ii)* *Elements of Book-Keeping and Accountancy.*
   - *(iii)* *Typewriting (Theory) English **or** Hindi.*
2. *For Typewriting (Theory) English **or** Hindi (Max. Time : 2 Hours*
1 *and Max. Marks : 20).*

## (i) वाणिज्य के तत्त्व

## (i) ELEMENTS OF BUSINESS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

- *(i)* *इस भाग में कुल **36** प्रश्न हैं।*
- *(ii)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
- *(iii)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जो प्रत्येक एक अंक का है। दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर-पुस्तिका में लिखना है।*
- *(iv)* *प्रश्न संख्या **17** से **32** तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 10 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।*
- *(v)* *प्रश्न संख्या **33** से **36** तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।*
- *(vi)* *एक प्रश्न के सभी भाग एक साथ ही करने हैं।*

***General Instructions :***

*(i)* *This part has **36** questions in all.*

*(ii)* *All questions are compulsory.*

*(iii)* *Questions from serial no. **1** to **16** are Multiple Choice Questions carrying one mark each. These are to be answered by writing the correct option in your answer-book.*

*(iv)* *Questions from serial no. **17** to **32** carry 3 marks each. Answers to such questions should not exceed 10 words.*

*(v)* *Questions from serial no. **33** to **36** carry 4 marks each. Answers to such questions should not exceed 150 words.*

*(vi)* *Attempt all parts of a question together.*

**1.** निम्नलिखित में दीर्घकालीन वित्त कौन सा है ? 1

(अ) बैंक से 9 महीने के लिए ऋण

(ब) अंशों का निर्गमन

(स) बैंक अधिविकर्ष

(द) नकद जमा

Which of the following is a long term finance ?

(a) Loan from Bank for 9 months

(b) Issue of shares

(c) Bank overdraft

(d) Cash credit

**2.** निम्नलिखित में से वित्त स्रोत के रूप में स्वामी कोष कौन सा है ? 1

(अ) महाजन का ऋण    (ब) बन्धक ऋण

(स) बैंक ऋण    (द) अंश पूँजी निर्गमन

Which of the following is an owned fund as a source of finance ?

(a) Mahajan's loan    (b) Loan on mortgage

(c) Bank loan    (d) Issue of share capital

3. ऋणपत्रों का निर्गमन वित्तीय स्रोत है : 1

(अ) निजी कम्पनी का (ब) संयुक्त पूँजी कम्पनी का

(स) साझेदारी फर्म का (द) सहकारी समितियों का

Issue of debenture is a source of finance for :

(a) Private Ltd. company (b) Joint stock company

(c) Partnership firm (d) Cooperative societies

4. निम्नलिखित में से वित्त का आन्तरिक स्रोत कौन सा है ? 1

(अ) ऋणपत्रों का निर्गमन (ब) जन निक्षेप

(स) भा.औ.वि. नि. से ऋण (द) प्रतिधारित आय

Which of the following is an internal source of finance ?

(a) Issue of debentures (b) Public deposits

(c) Loan from I.F.C.I. (d) Retained earning

5. निम्नांकित में से अल्पकालीन वित्त का स्रोत कौन सा है ? 1

(अ) भारतीय विकास बैंक से ऋण

(ब) जन निक्षेप

(स) ऋणपत्रों का निर्गमन

(द) बैंक अधिविकर्ष

Which of the following is a source of short term finance ?

(a) Loan from Development Bank of India

(b) Public deposits

(c) Issue of debentures

(d) Bank overdraft

6. स्कन्ध विपणि एक बाजार है जहाँ : 1

(अ) केवल समता अंशों का क्रय-विक्रय होता है,

(ब) केवल पूर्वाधिकार अंशों का क्रय-विक्रय होता है,

(स) कम्पनियों की प्रतिभूतियों का क्रय-विक्रय होता है,

(द) केवल ऋणपत्रों का क्रय-विक्रय होता है।

Stock exchange is a market where :

(a) Only equity shares are bought and sold,

(b) Only preference shares are bought and sold,

(c) Securities of companies are bought and sold,

(d) Only debentures are bought and sold.

7. एक निजी कम्पनी पूँजी एकत्रित कर सकती है : 1

(अ) अपने सदस्यों को अंश निर्गमन द्वारा

(ब) ऋणपत्र निर्गमन द्वारा

(स) रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया से ऋण लेकर

(द) जनता से निक्षेप स्वीकार करके

A Private Ltd. Company can collect capital through :

(a) Issue of shares to its members

(b) Issue of debentures

(c) Loan from Reserve Bank of India

(d) Accepting deposits from the public

8. निम्नलिखित में से विनिमय साध्य प्रपत्र कौन सा है ? 1

(अ) जमा की पर्ची (ब) विनिमय विपत्र

(स) माल नकद क्रय की रसीद (द) सूचनार्थ बीजक

Which of the following is a negotiable instrument ?

(a) Pay in slip

(b) Bill of exchange

(c) Cash memo of goods purchased

(d) Proforma invoice

9. बैंक अपने ग्राहकों को सबसे ऊँची दर पर ब्याज प्रदान करते हैं : 1

(अ) चालू खाते पर (ब) बचत खाते पर

(स) स्थाई जमा खाते पर (द) गृह बचत खाते पर

The banks allow interest at highest rate to their customers on :

(a) Current A/c (b) Savings Bank A/c

(c) Fixed deposit A/c (d) Home safe A/c

10. एक चैक जो 1 मार्च 2012 को निर्गमित किया गया, जिस पर तारीख 1 मार्च 2010 अंकित है, उसे कहेंगे : 1

(अ) विकृत चैक (ब) पुराना चैक

(स) पूर्व-दिनांकित चैक (द) उत्तर-दिनांकित चैक

A cheque issued on 1st March 2012 and bearing the date 1st March 2010 is called :

(a) Mutilated cheque (b) Stale cheque

(c) Ante-dated cheque (d) Post-dated cheque

11. निम्नलिखित में से एक वाणिज्यिक बैंक का द्वितीयक कार्य कौन सा है ? 1

(अ) जमा स्वीकार करना

(ब) एजेन्सी कार्य

(स) विनिमय पत्रों को बट्टे पर भुनाना

(द) ऋण देना

Which of the following is a secondary function of a commercial bank ?

(a) Accepting deposits

(b) Agency work

(c) Discounting bill of exchange

(d) Granting loans

12. एक चैक जिसे बैंक में प्रस्तुत करने पर भुगतान नहीं मिलता बल्कि भुगतान प्राप्तकर्ता के खाते में जमा किया जाता है, कहलाता है : 1

(अ) आदेश चैक (ब) धारक चैक

(स) रेखांकित चैक (द) विकृत चैक

A cheque which is not payable on presentation to the bank but credited in the account of the payee is called :

(a) Order cheque (b) Bearer cheque

(c) Crossed cheque (d) Mutilated cheque

13. ग्राहकों को जिस खाते को खोलने पर बैंक आहरण की सुविधा प्रदान करते हैं, उसे : 1

(अ) गृह बचत खाता कहते हैं (ब) स्थाई जमा खाता कहते हैं

(स) चालू जमा खाता कहते हैं (द) रिकरिंग खाता कहते हैं

The customers can avail the facility of overdraft in case of opening the :

(a) Home safe A/c (b) Fixed deposit A/c

(c) Current deposit A/c (d) Recurring A/c

14. ग्राहकों द्वारा बैंक में रुपया जमा कराने के लिए प्रयोग में आने वाली पर्ची का नाम होता है : 1

(अ) धन निकासी फार्म

(ब) पे-इन-स्लिप

(स) ए.टी.एम.

(द) चैक

A leaf by which the customers deposit their money in Bank is called :

(a) Withdrawal form (b) Pay in slip

(c) ATM (d) Cheque

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा बैंक भारत का केन्द्रीय बैंक है ? 1

(अ) पंजाब नेशनल बैंक (ब) इलाहाबाद बैंक

(स) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (द) देना बैंक

Which of the following is the central bank of India :

(a) Punjab National Bank (b) Allahabad Bank

(c) Reserve Bank of India (d) Dena Bank

**16.** जिस प्रपत्र द्वारा एक बैंक अपनी दूसरी शाखा को प्रपत्र में अंकित राशि का भुगतान जिस व्यक्ति का नाम उसमें लिखा है उसको करने का आदेश देती है, उसे कहते हैं : 1

(अ) बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट (ब) बेचान चैक

(स) चैक (द) विनिमय पत्र

An instrument through which one bank directs to its another branch to pay a certain amount mentioned in it to the named person is called :

(a) Bank demand draft (b) Endorsed cheque

(c) Cheque (d) Bills of exchange

**17.** एक व्यवसाय के लिए मध्यकालीन वित्त को निर्धारित करने वाले किन्हीं तीन घटकों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। 3

Explain in brief any three factors determining the medium term finance of a business.

**18.** (i) लाभों का पुनर्विनियोजन तथा (ii) जन निक्षेपों को संक्षेप में समझाइये। 3

Explain briefly (i) Ploughing back of profits and (ii) Public deposits.

19. अंशों को परिभाषित कीजिए तथा समता अंशों की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 3

Define shares and explain any two characteristics of equity shares.

20. ऋणपत्रों के निर्गमन से कम्पनी को मिलने वाले किन्हीं तीन लाभों को समझाइये। 3

Explain any three benefits of issuing debentures to the company.

21. स्कन्ध विपणि के किन्हीं तीन अनिवार्य लक्षणों की व्याख्या कीजिए। 3

Explain any three essential features of stock exchange.

22. (i) वाणिज्यिक बैंकों तथा (ii) कृषि बैंकों को संक्षेप में समझाइये। 3

Explain in brief (i) commercial banks and (ii) agricultural banks.

23. डेबिट कार्ड तथा क्रेडिट कार्ड क्या होते हैं ? 3

What are debit cards and credit cards ?

24. चालू खाते का तात्पर्य क्या होता है ? इस खाते के प्रचालन में काम में आने वाली पुस्तकों तथा पर्चियों के नाम बताते हुए उपयोग भी बताइये। 3

What is meant by current account ? Explain the names and uses of the books and slips used in operation of this account.

25. आप एक डाक घर में बचत बैंक खाता किस प्रकार खोलेंगे व परिचालित करेंगे। 3

How will you open and operate a saving bank account in a post office ?

26. विनिमय बैंकों के किन्हीं तीन लक्षणों की व्याख्या कीजिए। 3

Explain any three features of exchange banks in India.

27. बैंकिंग क्या है ? एक बैंक के कोई दो सामान्य कार्यों को समझाइये। 3

What is banking ? Explain any two general functions of a bank.

28. बैंक ड्राफ्ट क्या है ? एक चैक की अपेक्षा बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा किये हुए भुगतान को उत्तम क्यों समझा जाता है ? समझाइये। 3

What is bank draft ? Why does the payment made by a bank draft considered better than the payment made by a cheque ? Explain.

29. विनिमय पत्र क्या है ? विनिमय पत्रों की किन्हीं चार विशेषताओं को बताइये। 3

What is a bill of exchange ? State any four characteristics of a bill of exchange.

30. एक हुण्डी तथा प्रतिज्ञापत्र में कोई तीन अन्तर बताइये। 3

Give any three differences between hundi and a promissory note.

31. एक चैक के रेखांकन तथा बेचान में किन्हीं तीन अन्तर्भेदों की व्याख्या कीजिए। 3

Explain any three differences between crossing and endorsement of a cheque.

32. एक बिल के तिरस्कृतिकरण की सूचना का क्या तात्पर्य होता है ? इसको कब और किसको देना आवश्यक होता है ? 3

What is meant by the notice of dishonour of a bill ? When is it necessary to give it and to whom ?

33. भारत की केन्द्रीय बैंक तथा एक व्यापारिक बैंक के कोई चार अन्तर दीजिए। 4

Give any four differences between the central bank of India and a commercial bank.

34. स्पष्ट करें (i) सहायतार्थ बिल (ii) मूल्यानुसार धारक (iii) बिल का तिरस्कृत होना (iv) अनुग्रह दिवस। 4

Explain (i) accommodation bill (ii) holder for value (iii) dishonouring of a bill (iv) days of grace.

35. आधुनिक व्यापार में ऋणपूँजी के महत्व को समझाइये। (कोई चार) 4

Explain the importance of borrowed capital in modern business. (any four)

36. एक व्यवसाय को वित्त के एक स्रोत के रूप में जननिक्षेपों से होने वाले किन्हीं चार लाभों को समझाइये। 4

Explain clearly any four advantages of public deposits as a source of finance in a business.

## (ii) बहीखाता तथा लेखांकन के तत्त्व

## (ii) ELEMENTS OF BOOK-KEEPING & ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस भाग में कुल **32** प्रश्न हैं।*

*(ii)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जो प्रत्येक एक अंक का है। दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर-पुस्तिका में लिखना है।*

*(iv)* *एक प्रश्न के सभी भाग एक साथ ही करने हैं।*

***GENERAL INSTRUCTIONS :***

*(i)* *This part has **32** questions in all.*

*(ii)* *All questions are compulsory.*

*(iii)* *Questions from serial no. **1** to **16** are Multiple Choice Questions carrying one mark each. These are to be answered by writing the correct option in your answer-book.*

*(iv)* *Attempt all parts of a question together.*

1. विनिमय पत्र तैयार किया जाता है : 1

(अ) लेनदार द्वारा (ब) देनदार द्वारा

(स) बैंक द्वारा (द) बेचान प्राप्तकर्ता द्वारा

Bills of exchange are prepared by :

(a) Creditor (b) Debtor

(c) Bank (d) Endorsee

2. जब बिल को भुगतान तिथि से पूर्व घटौती पर वापस किया जाता है तो भुगतान प्राप्तकर्ता की पुस्तकों में खातों के नाम किया जाता है : 1

(अ) प्राप्य विपत्र खाता

(ब) रोकड़ खाता तथा घटौती खाता

(स) रोकड़ खाता तथा छूट (बट्टा) खाता

(द) केवल रोकड़ खाता

While retiring a bill under rebate the accounts to be debited in the books of the payee are :

(a) Bills receivable A/c

(b) Cash A/c and rebate A/c

(c) Cash A/c and discount A/c

(d) Only cash A/c

3. जब बट्टे पर भुनाये हुए विपत्र का तिरस्कार हो जाता है तो बैंक की पुस्तकों में नाम लिखा जाता है : 1

(अ) स्वीकारकर्ता के (ब) लेखक के

(स) प्राप्त विपत्र के (द) देय विपत्र के

When a discounted bill is dishonoured, the A/c to be debited in bank's book is called :

(a) Drawee's A/c (b) Drawer's A/c

(c) Bills receivable A/c (d) Bills payable A/c

4. एक बिल पर स्वीकृति की तिथि 1 जनवरी, 2011 है, बिल 3 महीने के लिए है। भुगतान की तिथि होगी : 1

(अ) 1 अप्रैल 2011 (ब) 2 अप्रैल 2011

(स) 3 अप्रैल 2011 (द) 4 अप्रैल 2011

The date of acceptance on a bill is 1st January 2011. The bill is for a period of 3 months. The date of maturity will be :

(a) 1st April 2011 (b) 2nd April 2011

(c) 3rd April 2011 (d) 4th April 2011

5. विनिमय पत्र की दशा में पक्ष जिसे भुगतान करने का आदेश दिया जाता है वह कहलाता है : 1

(अ) भुगतान प्राप्तकर्ता (ब) बेचान प्राप्तकर्ता

(स) स्वीकार कर्ता (द) लेखक

In the case of bills of exchange, the party which is ordered to pay the amount is known as :

(a) Payee (b) Endorsee

(c) Drawee (d) Drawer

6. स्वामी ने 9,000 ₹ मूल्य का माल व्यक्तिगत उपयोग के लिए व्यापार से निकाला। जमा होगा : 1

(अ) बिक्री खाते में (ब) लेनदार खाते में

(स) आहरण खाते में (द) क्रय खाते में

Goods worth ₹ 9,000 taken out by the proprietor for personal use, be credited to :

(a) Sales A/c (b) Creditors A/c

(c) Drawings A/c (d) Purchases A/c

7. उचन्ति खाता जो तलपट के क्रेडिट पक्ष में दिखाया गया है उसे स्थिति-विवरण में लिखा जायेगा :

(अ) सम्पत्तियों में (ब) देनदारियों में

(स) किसी में भी नहीं (द) दोनों में

Suspense A/c given in trial balance showing as credit balance will be entered in the balance sheet :

(a) Assets side (b) Liabilities side

(c) None of them (d) Both of them

8. गोविन्द को 5000 ₹ की पुरानी मशीन की मरम्मत करने की मजदूरी उसके व्यक्तिगत खाते के नाम की ओर लिखी गई। यह एक त्रुटि है : 1

(अ) लोप अशुद्धि (ब) लेख अशुद्धि

(स) सैद्धान्तिक (द) क्षतिपूरक

₹ 5,000 paid to Govind for repairing an old machine, debited to his personal A/c, is an error of :

(a) Omission (b) Commission

(c) Principle (d) Compensating

9. एक पुरानी टाइपराइटिंग मशीन जो कार्यालय में प्रयोग हुई थी, बेच दी गई। खाता जमा होगा : 1

(अ) मशीन का (ब) पूँजी का

(स) विक्रय का (द) टाइपराइटर का

Sale of an old typewriter that has been used in the office, should be credited to :

(a) Machinery A/c

(b) Capital A/c

(c) Sales A/c

(d) Typewriter A/c

10. किराया 6,000 ₹ के भुगतान की प्रविष्टि किराये खाते के जमा की ओर 5,000 ₹ से की गई। शुद्ध प्रविष्टि में किराया खाता नाम होना चाहिए : 1

(अ) 1,000 ₹ से (ब) 11,000 ₹ से

(स) 12,000 ₹ से (द) उपरोक्त में से किसी से भी नहीं।

Rent paid amounting to ₹ 6,000 was credited to Rent A/c with ₹ 5,000. In rectifying entry rent A/c should be debited by :

(a) ₹ 1,000 (b) ₹ 11,000

(c) ₹ 12,000 (d) None of the above

11. माल विक्रय वापसी बही में 100 ₹ कम लिखे गये। त्रुटि सुधार प्रविष्टि में विक्रय वापसी खाते को : 1

(अ) 200 ₹ से डेबिट करें (ब) 100 ₹ से डेबिट करें

(स) 300 ₹ से डेबिट करें (द) उपरोक्त में से किसी को न करें

Sales return book was under cast by ₹ 100. In the rectifying entry sales return A/c would be :

(a) Debited by ₹ 200 (b) Debited by ₹ 100

(c) Debited by ₹ 300 (d) None of them

12. स्थाई सम्पत्तियों में अप्रचलन लागू होता है : 1

(अ) भौतिक टूट-फूट से (ब) बाजार मूल्य में कमी आने से

(स) अप्रचलित हो जाने से (द) इनमें से कोई नहीं

Obsolescence arises in fixed assets due to :

(a) Physical wear and tear

(b) Fall in market value

(c) Becoming out of date

(d) None of these

13. ह्रास लगाने की घटती किस्त पद्धति में ह्रास लगाने से ह्रास की दर :

(अ) प्रतिवर्ष बढ़ती है (ब) प्रतिवर्ष घटती है

(स) स्थाई रहती है (द) इनमें से कोई नहीं

Under diminishing balance method of charging depreciation on assets, the rate of depreciation :

(a) Increases every year

(b) Decreases every year

(c) Remains constant every year

(d) None of these

14. एक कोयले की खान की कीमत में घटोतरी कहलाती है : 1

(अ) परिशमन (ब) अप्रचलन

(स) ह्रास (द) रिक्तीकरण

Reduction in the value of a coal mine is called :

(a) Amortisation (b) Obsolescence

(c) Depreciation (d) Depletion

15. एक मशीन 1 जनवरी 2005 को 10,000 ₹ में क्रय की गई जिसका अवशेष मूल्य 1000 ₹ तथा उपयोगी जीवनकाल 5 वर्ष था। ह्रास लगाने की सीधी रेखा पद्धति से मशीनरी खाते में 1.1.2007 को शेष होगा : 1

(अ) 8,200 ₹ (ब) 8,000 ₹

(स) 10,000 ₹ (द) 6,400 ₹

A machine was purchased on 1st January, 2005 for ₹ 10,000. Scrap value ₹ 1,000. Useful life 5 years. As per the straight line method of charging depreciation, the balance on machinery A/c as on 1.1.2007 will be :

(a) ₹ 8,200 (b) ₹ 8,000

(c) ₹ 10,000 (d) ₹ 6,400

16. ह्रास काटने की सीधी रेखा पद्धति में ह्रास की राशि वर्ष दर वर्ष : 1

(अ) बढ़ती है (ब) घटती है

(स) कोई परिवर्तन नहीं होता (द) इनमें से कोई नहीं

In straight line method of charging depreciation the amount of depreciation year after year :

(a) Increases (b) decreases

(c) Remains unaltered (d) None of these

17. एक विनिमय पत्र के पक्षों को उदाहरण देकर समझाइये। 3

Explain with examples the parties of a bill of exchange.

18. एक स्वीकारकर्ता की पुस्तकों में निम्न समयों पर क्या प्रविष्टियाँ होंगी ? जबकि : 3

(अ) लेखक को बिल पर स्वीकृति देकर वापस किया जाता है।

(ब) जब बिल का समयपूर्व घटौती लेकर (रिबेट पर) भुगतान कर दिया जाता है।

(स) जब लेखक ने बिल को बैंक से कटौती करा लिया था तथा परिपक्वता दिवस पर वह अनादरित हो जाता है।

What journal entries will be made by a drawee in his books when :

(a) A bill is returned to the drawer after giving acceptance.

(b) Bill is paid before due date availing the rebate.

(c) Bill was discounted by the drawer and on due date it is dishonoured.

19. 1 जनवरी, 2012 को अन्ना ने बन्ना को 8,000 ₹ मूल्य के माल का विक्रय किया। उसी दिन बन्ना ने अन्ना द्वारा उसी राशि के 3 महीने के लिए लिखे गए बिल पर अपनी स्वीकृति दे दी। स्वीकारकर्ता की पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। 3

On 1st January, 2012 Anna sold goods to Banna worth ₹ 8,000. On the same date Banna accepted the bill drawn by Anna at 3 months for the amount. On due date Banna met his acceptance. Pass the journal entries in the books of the drawee.

20. लोप अशुद्धियाँ क्या होती हैं ? ऐसी अशुद्धियों के कोई दो उदाहरण दीजिए। 3

What is meant by the errors of omissions ? Give any two examples of such errors.

21. ऐसी किन्हीं तीन अशुद्धियों के उदाहरण दीजिए जिनके कारण तलपट का योग आपस में मेल नहीं खाता। 3

State any three examples of errors which will affect the agreement of trial balance.

22. ह्रास, रिक्तीकरण तथा परिशोधन के अर्थ उदाहरण देकर समझाइये। 3

Explain the meaning of depreciation, depletion and amortisation with examples.

23. सम्पत्तियों पर ह्रास लगाने के किन्हीं तीन लक्षणों को संक्षेप में समझाइये। 3

Explain briefly any three features of charging depreciation on assets.

24. 1 अप्रेल, 2010 को मीनाक्षी लिमि. ने एक मशीन 5,00,000 ₹ में क्रय की। उसका अनुमानित जीवनकाल 5 वर्ष था। 5 वर्ष बाद अनुमानित अवशेष मूल्य 50,000 ₹ था। स्थायी किस्त पद्धति के अनुसार प्रतिवर्ष लाभ-हानि खाते में लिखी जाने वाली ह्रास की राशि की गणना कीजिए तथा प्रतिवर्ष ह्रास लगाने की दर की भी गणना कीजिए। 3

Meenakshi Ltd. purchased a machinery on 1st April 2010 for ₹ 5,00,000 whose life was expected to be 5 years. Its estimated scrap value at the end of 5 years was ₹ 50,000. Find the amount of depreciation to be charged to profit and loss A/c every year as per fixed instalment method. Also calculate the rate of depreciation to be charged every year.

25. एक लेखक द्वारा बिल के लिखने तथा स्वीकार कर्त्ता की स्वीकृति प्राप्त कर लेने के उपरान्त किन सम्भव कदमों को उठाया जा सकता है ? उदाहरण सहित समझाइये। 4

What possible steps may be taken by a drawer after drawing a bill and getting acceptance of the drawee. Explain with examples.

26. रोजनामचा प्रविष्टियों की सहायता से निम्नलिखित अशुद्धियों को ठीक कीजिए : 4

(i) स्वामी द्वारा अपने लिए घड़ी पर खर्च किये गये 5,000 रुपये को कार्यालय उपकरण के नाम डाल दिया गया।

(ii) दयाराम एक कर्मचारी को भुगतान किया गया 10,000 ₹ का वेतन उसके व्यक्तिगत खाते के नाम में लिखा गया।

Rectify the following errors through passing journal entries :

(i) The proprietor spent ₹ 5,000 in purchasing a watch for himself, but the office equipment A/c was debited by this amount.

(ii) Salary paid to Daya Ram an employee ₹ 10,000 was debited to his personal A/c.

27. कारण सहित बताइये कि निम्नलिखित सत्य है **या** असत्य : 4

(i) यदि एक ग्राहक से प्राप्त चैक अनादृत हो जाता है तो यह ग्राहक के नाम में लिखा जाता है।

(ii) रानी से प्राप्त ब्याज की राशि रानी के खाते में जमा होगी।

(iii) ध्येय को वापिस किये हुए माल की प्रविष्टि उसके खाते में जमा की जाएगी।

(iv) एक कर्मचारी के व्यक्तिगत उपयोग के लिए निकाले गये माल की प्रविष्टि उसके व्यक्तिगत खाते के नाम में होगी।

State with reasons whether the following statements are correct **or** incorrect ?

(i) If a cheque received from a customer is dishonoured, it will be debited to customer's A/c.

(ii) Interest received from Rani will be credited to Rani's A/c.

(iii) Goods returned to Dhyey will be credited to his account.

(iv) Goods taken for personal use of an employee will be debited to his personal A/c.

**28.** उदाहरण सहित ऐसी चार त्रुटियाँ बताइये जो कि तलपट द्वारा प्रकट नहीं होती हैं। 4

Explain with examples four types of the errors which are not disclosed by trial balance.

**29.** विनिमय विपत्र की किन्हीं चार विशेषताओं को बताइये। 6

State any four characteristics of a bill of exchange.

**30.** निम्नलिखित लेनदेनों के लिए राधा की पुस्तकों में प्रविष्टियाँ कीजिए :

कृष्ण की स्वीकृति जो राधा के पक्ष में थी तथा जो 5,000 ₹ की थी, का निस्तारण 2000 ₹ नकद तथा शेष के लिए 300 ₹ ब्याज सहित नई स्वीकृति से किया गया। 6

Journalise the following transactions in the books of Radha :

Krishna's acceptance to Radha for ₹ 5,000 was discharged by a cash payment of ₹ 2000 and an acceptance of a new bill for the balance plus interest ₹ 300.

**31.** निम्नांकित अशुद्धियों का शुद्धिकरण कीजिए : 6

(i) बट्टा प्राप्ति 300 ₹ का लेखा बट्टा दिया गया खाते के नाम लिखा गया।

(ii) लिपिक को भुगतान किये गये वेतन 35,000 ₹ का लेखा उसके व्यक्तिगत खाते में किया गया।

(iii) अदत्त वेतन के 4000 ₹ के भुगतान का लेखा वेतन खाते में किया गया।

(iv) अशोक को 1700 ₹ के उधार माल विक्रय का लेखा उसके जमा खाते में किया गया।

Rectify the following errors :

(i) Discount received ₹ 300 was posted in discount allowed A/c.

(ii) ₹ 35,000 salary paid to clerk stands debited to his personal A/c.

(iii) An amount of ₹ 4,000 paid against salary outstanding posted to salary A/c.

(iv) A credit sale of goods to Ashok for ₹ 1700 was posted to his credit A/c.

**32.** 1 जनवरी 2006 को शंकर ने 1,00,000 रुपये का फर्नीचर क्रय किया। 1 जुलाई 2006 को अतिरिक्त फर्नीचर 20,000 रुपये का क्रय किया गया। 30 जून 2008 को 1 जनवरी 2006 को क्रय किये फर्नीचर का आधा भाग 30,000 रुपये में बेच दिया गया। फर्नीचर पर 10% प्रतिवर्ष आरम्भिक मूल्य पर ह्रास काटा जाता है तथा खाते प्रतिवर्ष 31 दिसम्बर को बन्द होते हैं। वर्ष 2006, 2007, 2008 तथा 2009 का फर्नीचर खाता तैयार कीजिए। 6

On 1st January, 2006 Shankar purchased furniture worth ₹ 1,00,000. On 1st July 2006 he bought additional furniture for ₹ 20,000. On 30 June, 2008 half of furniture purchased on 1st January 2006 was sold for ₹ 30,000. The depreciation is charged @ 10% per annum on furniture at original cost every year. The A/cs are closed every year on 31st December. Show furniture A/c for the years, 2006, 2007, 2008 and 2009.

## (iii) टंकण (सिद्धान्त) अंग्रेजी/हिन्दी

*निर्धारित समय : 2 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 20*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस भाग में कुल **11** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1** से **5** तक के प्रत्येक प्रश्न 1 अंक के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर एक शब्द से एक वाक्य तक हो सकते हैं।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **6** से **10** तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों के हैं। इन प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **11** लम्बे उत्तर वाला प्रश्न है। इस प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

1. स्टेंसिल पेपर पर त्रुटि सुधार के लिए उपयोग में आने वाली वस्तु का नाम बताइये। 1

2. स्टेंसिल काटते समय टाइपराइटर का एक अंग बन्द कर दिया जाता है। उस अंग का नाम बताइये जिसे बन्द किया जाता है। 1

3. 'कोलन लगाइए' के लिए किस प्रूफ संशोधन संकेत का उपयोग होता है ? 1

4. 'नया अनुच्छेद आरम्भ न करें' के लिए जिस प्रूफ संशोधन संकेत का प्रयोग किया जाता है, उसे दीजिए। 1

5. ला.वी.भा. का पूर्ण रूप दीजिए। 1

6. स्टेंसिल पेपर पर हस्ताक्षर करने के लिए उपयोग में आने वाले उपकरण का नाम बताइए तथा संक्षेप में समझाइये कि हम इसका प्रयोग कैसे करते हैं ? 2

7. स्टेंसिल काटते समय ध्यान में रखने वाली किन्हीं दो बातों को बताइए। 2

8. निम्नलिखित विराम-चिह्नों के लगाने से पहले तथा लगाने के बाद टाइप करते समय आप कितने स्थान छोड़ेंगे ? 2

   (i) उद्धरण चिह्न (ii) लोप चिह्न (अपोस्ट्रोफी)

9. निम्नलिखित के लिए प्रचलित सूक्ष्म रूप लिखिये : 2

   (i) पुनश्च (ii) सितम्बर (iii) हस्ताक्षरित (iv) भूल-चूक लेनी-देनी।

10. स्टेंसिल पैन तथा स्टेंसिल प्लेट दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। कैसे ? समझाइये। 2

11. अनुच्छेद बनाने से क्या अर्थ होता है ? टाइप करते समय अनुच्छेद बनाने की विधि को विस्तार से समझाइये। 5

**अथवा**

आप टाइपराइटिंग में गति एवं शुद्धता किस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं ?

## (iii) Typewriting (Theory) English

*Time allowed : 2 hours ]* *[ Maximum marks : 20*

***General Instructions :***

*(i)* *This part has **11** questions in all. All questions are compulsory.*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Questions from serial number **1** to **5** are of 1 mark each. Answer of these questions may be from one word to one sentence.*

*(iv)* *Questions from serial number **6** to **10** are of 2 marks each. Answer of these questions should not exceed 60 words each.*

*(v)* *Question serial no. 11 is a long answer question. Answer of this question should not exceed 120 words.*

**1.** Name the item used for carrying out the correction on stencil paper. 1

**2.** While cutting a stencil, one part of the type-writer is switched off. Name the part switched off. 1

**3.** Which proof correction symbol is used for 'insert colon'? 1

**4.** Give the proof correction symbol used for inserting 'do not begin a new paragraph.' 1

**5.** Give the full form of C.I.F. 1

**6.** Name the instrument used to sign a stencil paper and explain in brief how do we use it ? 2

**7.** State any two precautions which you will be keeping in mind while cutting a stencil. 2

8. How many spaces will you leave before and after the following punctuation marks while typing :

(i) Inverted comma (ii) Apostrophe ? 2

9. Give standard abbreviations for the following : 2

(i) Post statement

(ii) September

(iii) Signed by

(iv) Errors and omissions expected

10. Stencil pen and stencil plate both are the supplementary to each other. How ? Explain. 2

11. What is paragraphing ? Explain in detail the method of paragraphing in typing. 5

**OR**

How can you achieve speed and accuracy in typewriting ?